# प्रैस विज्ञप्ति

## दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में "वरिष्ठ नागरिक : संपत्ति या उत्तरदायित्व" 'वरिष्ठ नागरिक दिवस' के अवसर पर ''टॉक शो'' का आयोजन

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी ने अपने पाठकों के लिए विभिन्न विषयों पर टॉक शो आयोजित करने का निर्णय लिया है । इसी श्रृंखला में आज दिनांक 24-8-2018 को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के अमीर खुसरो सभागार में 'वरिष्ठ नागरिक दिवस' के अवसर पर ''टॉक शो'' का आयोजन किया गया जिसका विषय **"वरिष्ठ नागरिक : संपत्ति या उत्तरदायित्व"** था । इस विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ नीना पाण्डेय, सामाजिक कार्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय को आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना से किया गया । इस अवसर पर डॉ. रामशरण गौड़, अध्यक्ष, दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड और डॉ. लोकेश शर्मा, महानिदेशक, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी मुख्य रूप से उपस्थित थे | इसके पश्चात् डॉ. लोकेश शर्मा, महानिदेशक, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा डॉ. रामशरण गौड़, अध्यक्ष, दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड और मुख्य अतिथि डॉ नीना पाण्डेय का स्वागत उतरीय, पुस्तक एवं पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया ।

मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में सबसे पहले श्रोताओं को यह अवगत करवाया कि निकट भविष्य में भारत की जनसँख्या का एक बड़ा भाग वरिष्ठ नागरिक होंगे परन्तु आज की युवा पीढ़ी इस कटु सत्य से अवगत नहीं है | डॉ नीना पाण्डेय ने अपने विभिन्न अनुसंधान संबंधित अनुभव साझा किये व महिला बुजुर्गों के संदर्भ में एक परिप्रेक्ष्य पेश किया| उन्होंने वर्तमान समाज में बुजुर्गों से सम्बंधित विभिन्न मिथकों पर प्रकाश डाला | मुख्य वक्ता ने वरिष्ठ नागरिकों के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करते हुए जापान देश का उदाहरण दिया कि किस प्रकार जापान में बचपन से ही बड़ो के प्रति आदर भाव को बच्चों के व्यव्हार में सम्मिलित किया जाता है| आधुनिक काल में परिवारों पर बाजार के प्रभाव को भी समझाया और युवा पीढ़ी को अपने भविष्य के लिए सचेत होकर नियोजन करने की सलाह दी |

बाद में कुछ श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए व उनके व्यक्त किये गए विचारों को सुनकर उन्होंने अपना वक्तव्य समाप्त किया । कार्यक्रम के अंत में डॉ. लोकेश शर्मा, महानिदेशक ने सभी का आभार व्यक्त किया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।


दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का संगठन)
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, चाँदनी चौक, दिल्ली-110006
द्वारा आयोजित
टॉक शो
विषय :- वरिष्ठ नागरिक:संपत्ति या उत्तरदायित्व
दिनांक 24 अगस्त, 2018
समय: सांय 4:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक
वक्ता : डॉ. नीना पाण्डेय
(सामाजिक कार्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय)
स्थान : अमीर खुसरो सभागार, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी मुख्यालय
Website : www.dpl.gov.in
Lamp Dimming
pl.gov.in ; delhipubliclibrary@gmail.com
डॉ. लोकेश शर्मा
महानिदेशक
दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का संगठन)
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग, चाँदनी चौक, दिल्ली-110006
द्वारा आयोजित
टॉक शो
विषय :- वरिष्ठ नागरिक:संपत्ति या उत्तरदायित्व
दिनांक 24 अगस्त, 2018
समय: सांय 4:00 बजे से सांय 6:00 बजे तक
वक्ता : डॉ. नीना पाण्डेय
(सामाजिक कार्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय)
डॉ. नीना पाण्डेय
डॉ. रामशरण गौड़
डॉ. लोकेश शर्मा

Talk Show